वन उत्पादकता संस्थान, रांची
में स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत अभियान के तहत वन उत्पादकता संस्थान, रांची ने 30 सितंबर, 2016 को संस्थान और आस पास के इलाक़ों में सफाई अभियान चलाया | इस मौक़े पर संस्थान के निदेशक, डॉ. शमीम अख्तर अंसारी ने अभियान की महत्ता पर जोर डालते हुए कहा की स्वच्छता एक आदत होनी चाहिए और सफाई प्रतिदिन होनी चाहिए | देश को स्वच्छ बनाने के लिये हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है | इस मौक़े पर उन्होने बताया कि इस अभियान को आधिकारिक तौर पर माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2 अक्तूबर, 2014 को महात्मा गांधी की 145वें जन्मदिन के अवसर पर शुरू किया था | उन्होने कहा कि भारत को एक स्वच्छ देश बनाना महात्मा गांधी जी का सपना था इसलिए प्रधानमंत्री जी की यह कोशिश रही होगी कि उनकी जयंती पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत हो | स्वच्छता अभियान में संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया |